aglasem.com

SAMPLE PAPER

Punjab Board

2024



परीक्षा 2023-24

नमूना प्रश्न-पत्र

कक्षा आठवीं (प्रथम भाषा)

विषय : हिंदी **पूर्णांक=80**

समय : 3 घंटे **आंतरिक मूल्यांकन=20**

नोट:- सुंदर लिखाई के पाँच अंक दिए जाएँगे ।

भाग-क

अति लघूत्तर प्रश्न (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

1. (i) निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों में से किन्हीं आठ के उत्तर दें – (8X1=8)

(1) निम्नलिखित में से कौन -सा शब्द 'पर्यावरण' की संधि है? 1

(क) प्र+आवरण (ख) परि+आवरण (ग) पर+आवरण (घ) परी+यावरण

(2) 'तन-मन' शब्द का समास विग्रह बताएँ। 1

(क) तन या मन (ख) तन का मन (ग) तन और मन (घ) तन से मन

(3) निम्नलिखित में से 'अधि' उपसर्ग का उदाहरण छाँटें। 1

(क) अधर (ख) अधीन (ग) अधिक (घ) अधिपति

(4) निम्नलिखित में से 'कायरता' शब्द का सही प्रत्यय बताएँ। 1

(क) कता (ख) आ (ग) अकता (घ) ता

(5) निम्नलिखित में से कौन -सा शब्द 'मनुज' का पर्याय नहीं है? 1

(क) मनुष्य (ख) मनोज (ग) मनु (घ) मानव

(6) निम्नलिखित में से 'भाववाचक संज्ञा' शब्द चुनें- 1

(क) कलाम (ख) हामिद (ग) बचपन (घ) महमूद

(7) निम्नलिखित में से कौन- सा शब्द 'अनिश्चयवाचक सर्वनाम' है? 1

(क) क्यों (ख) कोई (ग) तुम (घ) वे

(8) 'हमारा शहर रोशनी से जगमगा रहा था।' वाक्य में रेखांकित शब्द 'विशेषण' का कौन- सा भेद है? 1

(क) संख्यावाचक विशेषण (ख) गुणवाचक विशेषण

(ग) परिमाणवाचक विशेषण (घ) सार्वनामिक विशेषण

(ii) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें- (4X1=4)

1. 'कोई नहीं बेगाना' कविता के अनुसार बताएँ कि भाई कन्हैया कौन थे? 1

(क) गुरुघर का एक सैनिक (ख) गुरुघर का एक सेवादार

(ग) एक विद्रोही (घ) मुग़ल सिपाही

2. **'नवयुवकों के प्रति' कविता के कवि का नाम बताएँ। 1**

(क) डॉ. योगेन्द्र बख्शी (ख) मैथिलीशरण गुप्त

(ग) डॉ. सुनील बहल (घ) डॉ. हरिवंश राय बच्चन

schools.aglasem.com

aglasem.com

3. 'नीरज के दोहे' कविता के अनुसार कवि ने जग के रंग की तुलना किस रंग से की है? **1**

(क) बादलों के रंग से (ख) आकाश के रंग से

(ग) धरती के रंग से (घ) इन्द्रधनुष के रंग से

4. 'पथ की पहचान' में कवि ने कविता में किस पथ की पहचान कर लेने का भाव प्रस्तुत किया है? **1**

(क) लोभ की राह (ख) सत्य की राह

(ग) आलस की राह (घ) असत्य की राह

(iii) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें - **(3X1=3)**

1. 'निगाह' शब्द का सही अर्थ चुनकर लिखिए:- **1**

(क) नज़दीक (ख) नज़र

(ग) दृश्य (घ) पलक

2. 'आगोश' का सही अर्थ चुनकर लिखिए:- **1**

(क) लपेट (ख) गुस्सा

(ग) गर्मी (घ) आग

3. 'शूल' का सही अर्थ चुनकर लिखिए:- **1**

(क) फूल (ख) काँटा

(ग) मोह (घ) शाल

अन्य वस्तुनिष्ठ प्रश्न

IV) निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर 5 प्रश्नों के उत्तर दें- **(5X1=5)**

सब में गुरु का रूप देखता, सबकी सेवा करता था,
हर प्यासे की प्यास बुझाता, दुःख सभी के हरता था।
समदृष्टि थी शत्रु मित्र में, दोनों उसको एक समान,
हर घायल को पानी देना, होता उसका पहला काम।

(i) **उपर्युक्त पद्यांश के अनुसार घायलों की सेवा पानी पिलाकर की जाती थी ? (हाँ / नहीं)** **1**

(ii) **क्या भाई कन्हैया सब में गुरु का रूप देखता था ? (हाँ / नहीं)** **1**

(iii) हर घायल को _____ देना उसका पहला काम होता था । (रिक्त स्थान भरिए) **1**

(iv) 'समदृष्टि' शब्द का सही अर्थ से मिलान कीजिए : **1**

समदृष्टि	सबको बराबर समझना
	सबको अलग-अलग समझना
	भेदभाव करना

(v) क्या पद्यांश का केन्द्रीय भाव सब के साथ भेद भाव करना है ? (हाँ / नहीं) **1**

V) निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दें- **(5X1=5)**

(i) '**तेली**' का पुल्लिंग शब्द '**तेलिन**' होगा। **(सही या गलत)**

(ii) '**दवाई**' का बहुवचन '**दवाईयाँ**' होगा। **(सही या गलत)**

schools.aglasem.com

aglasem.com

(iii) **'स्वस्थ'** शब्द का विपरीत शब्द से मिलान करें-

स्वस्थ	तंदरुस्त
	रोगी
	सेहतमंद

(iv) **'कर्मठ'** शब्द की भाववाचक संज्ञा होगी **'कर्मठता'।** **(सही या गलत)**

(v) 'सूर्य का उदय होना' के लिए एक शब्द होगा **–'सूर्यास्त'** **(सही या गलत)**

(VI) निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दें- **(5X1=5)**

(i) निम्नलिखित वाक्य में क्रिया अकर्मक है या सकर्मक?

उसने अपना वाहन रोक दिया। (अकर्मक/सकर्मक)

(ii) रिक्त स्थान में उपयुक्त योजक शब्द का प्रयोग करें-

दाँतों _____ मसूड़ों के लिए भी मैं फायदेमंद हूँ। (और/ लेकिन)

(iii)रिक्त स्थान में उचित संबंधबोधक शब्द भरें-

आज्ञा _____ किसी को ऐसा नहीं करना चाहिए। (के बिना/के लिए)

(iv) रिक्त स्थान में उचित विस्मयादिबोधक शब्द भरें-

_____! मुझे आपसे यही आशा थी । (न-न / शाबाश)

(v) उचित विराम चिह्न लगाएँ -

बस हमारे पीछे -पीछे चले आओ

भाग-ख

2. निम्नलिखित में से किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर एक-दो पंक्तियों में दें- **(8X1=8)**

(i) 'ईदगाह' पाठ के आधार पर बताएँ कि नमाज़ खत्म होने पर लोग क्या करते हैं?

(ii) 'रक्त की आत्मकथा' पाठ के आधार पर बताएँ कि लाल कोशिकाओं का मुख्य कार्य क्या होता है?

(iii) 'मूँह बोले बेटे' पाठ के आधार पर बताएँ कि मोहन लाल खन्ना चंडीगढ़ से कहाँ जा रहे थे?

(iv) 'श्री गुरु गोबिंद सिंह जी' पाठ के आधार पर बताएँ कि गुरु जी के प्रिय खेल क्या-क्या थे?

(v) 'अंगुलिमाल' पाठ के आधार पर बताएँ कि प्रसेनजित किसका शिष्य था?

(vi) 'माँ का प्यार' पाठ के आधार पर बताएँ कि शिवाजी ने बालक को क्षमा क्यों किया?

(vii) वाहन चलाते समय मोबाइल सुनना क्यों खतरनाक है? 'सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा' पाठ के आधार पर बताएँ।

(viii) 'उम्मीद का अंतिम पत्ता' पाठ के आधार पर बताएँ कि जाह्नवी को क्या हो गया था?

(ix) 'बाबा साहेब अम्बेडकर' पाठ के आधार पर बताएँ कि बाबा साहिब अम्बेडकर का जन्म कब ,कहाँ और किसके घर हुआ?

(x) 'नेत्र-दान' पाठ के आधार पर बताएँ कि नेत्र संकल्प का क्या अर्थ है?

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर तीन या चार वाक्य में दें- **(3X4=12)**

(i) 'साइंस सिटी' पाठ के आधार पर बताएँ कि फ्लाइट सिमुलेटर और अर्थक्वेक सिमुलेटर में क्या अंतर है?

(ii) 'कश्मीर यात्रा' पाठ के आधार पर बताएँ कि हाउस बोट के बारे में आपने क्या जाना?

(iii) 'यूटा सागा' पाठ के आधार पर बताएँ कि डरे-सहमे लोगों द्वारा देखे गए महाप्रलय(सुनामी) के मंजर का वर्णन करें।

(iv) 'नेत्रदान' पाठ के आधार पर बताएँ कि नेत्र दान के क्या लाभ हैं?

schools.aglasem.com

aglasem.com

(v) 'फलों की चौपाल' पाठ के आधार पर बताएँ कि फलों को पकाने के लिए रसायनों का प्रयोग घातक है, क्यों?

भाग-ग

4. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दें- **(2X3=6)**

(i) विशेषण किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखें।

(ii) विस्मयादिबोधक की परिभाषा उदाहरण सहित लिखें।

(iii) कारक के कितने भेद हैं? उनके नाम लिखें।

भाग- घ

5. निम्नलिखित में से किन्हीं चार मुहावरों/लोकोक्तियों का वाक्य में इस प्रकार प्रयोग करें कि उनके अर्थ स्पष्ट हो जाएँ- **(4X1=4)**

काम तमाम करना, राग अलापना, धीरज बँधाना, आँखें खुलना, लुत्फ़ उठाना ,राई का पर्वत बनाना ।

भाग-ङ

6. निम्नलिखित में से कोई एक पत्र लिखें- **(7)**

स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र देने की प्रार्थना करते हुए अपने स्कूल के मुख्याध्यापक को प्रार्थना पत्र लिखिए।

अथवा

अपने मित्र/सहेली को गर्मियों के अवकाश में अपने पास बुलाने हेतु पत्र लिखें।

7. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 150 शब्दों में निबंध लिखिए- **(8)**

आदर्श विद्यार्थी, महात्मा गाँधी, मन के जीते-जीत है मन के हारे हार, दीपावली

8. सुंदर लिखाई **(5)**

schools.aglasem.com

AglaSem Earn while Learn Program. Send your papers and get paid.
Contact: support@aglasem.com aglasem.com